# तीन साल से कम उम्र के बच्चों को भी मिलेगा वैक्सीन का कवच


**मंजूरी**

## विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत की कोवोवैक्स को दी मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अमेरिकी दवा कंपनी नोवावैक्स से लाइसेंस के तहत सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) की ओर से निर्मित कोविड–रोधी टीके कोवोवैक्स को आपातकालीन उपयोग सूची में शामिल किया। इस तरह वैश्विक स्वास्थ्य निकाय की ओर से मान्यता प्राप्त टीकों की संख्या में इजाफा हुआ है। एसआईआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आदर पूनावाला ने डब्ल्यूएचओ के फैसले को कोविड –19 के खिलाफ लड़ाई में एक और मील का पत्थर बताया।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक ट्वीट में कहा, डब्ल्यूएचओ ने आपातकालीन उपयोग सूची में कोवोवैक्स को शामिल किया है। इससे कोविड–19 के खिलाफ डब्ल्यूएचओ के मान्य टीकों की संख्या बढ़ी है। इस टीके का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की ओर से नोवावैक्स से लाइसेंस




के तहत किया जाता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, कोवोवैक्स का मूल्यांकन उसकी आपातकालीन उपयोग सूची प्रक्रिया के तहत गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावकारिता, जोखिम प्रबंधन योजना और भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) द्वारा टीका निर्माण स्थल पर किए गए निरीक्षण संबंधी डेटा की समीक्षा के आधार पर किया गया।

**डब्ल्यूएचओ का फैसला दुनिया के लिए बेहद अहम:** एक संयुक्त बयान में अमेरिकी दवा कंपनी नोवावैक्स और एसआईआई ने उल्लेख किया कि सार्स–कोव–2 के कारण होने वाले कोरोना वायरस बीमारी की रोकथाम के लिए 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों के टीकाकरण के लिए टीके को मंजूरी मिली है।

नोवावैक्स के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टेनली सी एर्क ने कहा, डब्ल्यूएचओ का आज का निर्णय दुनिया भर के करोड़ों लोगों के लिए प्रोटीन–आधारित कोविड–19 रोधी टीके की वैश्विक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

पूनावाला ने ट्वीट किया, यह कोविड–19 के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक और मील का पत्थर है, कोवोवैक्स को अब डब्ल्यूएचओ द्वारा आपातकालीन उपयोग के लिए मंजूरी दी गई है। इस टीके ने उत्कृष्ट सुरक्षा और असर दिखाया है। एक महान सहयोग के लिए आप सभी का धन्यवाद। एसआईआई दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका के साथ तालमेल से पहले से कोविशील्ड टीके का निर्माण कर रहा है।

**तीन साल से कम उम्र के बच्चों को मिलेगी सुरक्षा:** इस हफ्ते की शुरुआत में, पूनावाला ने कहा था कि एसआईआई ने अगले छह महीनों में कोवोवैक्स की शुरुआत करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा था कि कोवोवैक्स तीन साल से कम उम्र के बच्चों को सुरक्षा प्रदान करेगा, क्योंकि परीक्षणों के दौरान शानदार आंकड़े आए हैं। कोवोवैक्स को अभी भी भारत के दवा नियामक डीसीजीआई से आपातकालीन उपयोग की अनुमति की प्रतीक्षा है।

## न्यूज डायरी



### इजरायल से प्यार नहीं करते अमेरिका के यहूदी, विवादित बयान देकर फंसे ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही सत्ता में न हो लेकिन सुर्खियों में जरूर बने हुए हैं। अब पूर्व राष्ट्रपति पर यहूदी–विरोधी होने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने दावा किया था कि अमेरिका में रहने वाले यहूदी अब इजरायल से प्यार नहीं करतेश बल्कि इंजील ईसाई उनसे ज्यादा प्यार करते हैं। ट्रंप ने इजरायली पत्रकार से कहा कि पहले कांग्रेस पर इजरायल का पूर्ण अधिकार था और आज मुझे लगता है कि यह ठीक विपरीत है। ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि ओबामा और बाइडन इसके लिए जिम्मेदार हैं। फिर भी चुनाव में उन्हें अभी भी यहूदी लोगों से बहुत अधिक वोट मिलते हैं। जो आपको यह बताता है कि अमेरिका में यहूदी लोग या तो इजरायल को पसंद नहीं करते हैं या इजरायल की परवाह नहीं करते हैं। इसके बाद उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स पर निशाना साधा। ट्रंप बोले, श्आप न्यूयॉर्क टाइम्स को देखें। न्यूयॉर्क टाइम्स इजरायल से नफरत करता है और यहूदी लोग हैं जो न्यूयॉर्क टाइम्स चलाते हैं।

### पाकिस्तान दौरे पर तालिबान के कार्यवाहक विदेश मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। तालिबान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी शनिवार को अफगानिस्तान में इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआइसी) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान के लिए रवाना हो गए हैं। टोलो न्यूज के मुताबिक कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और उनके साथ का प्रतिनिधिमंडल अफगानिस्तान पर ओआइसी की बैठक में भाग लेने के लिए काबुल से इस्लामाबाद के लिए रवाना हुआ है। काबुल हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए मुत्ताकी ने कहा कि किसी को भी अफगानिस्तान के क्षेत्र से किसी भी देश को धमकी देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। तालिबान को अंतरराष्ट्रीय मान्यता दिलाने के लिए इस्लामाबाद ने सोमवार को इस्लामिक अमीरात को ओआइसी के शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया जो 19 दिसंबर को होने वाला है।

### अदालतों के चक्कर काट रहे इमरान खान, कोर्ट में हुए हाजिर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान एक बार फिर अदालत में पेश हुए। लेकिन इस बार मामला सरकार से नहीं बल्कि उनका निजी था और काफी पुराना था। इमरान खान ने मानहानि के एक मामले में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज के सामने गवाही दी। इमरान खान नौ साल पहले पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के नेता ख्वाजा मोहम्मद आसिफ के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे में अपने कार्यालय से वीडियो लिंक के माध्यम से कोर्ट में पेश हुए। जज मोहम्मद अदनान की अदालत के समक्ष अपना बयान दर्ज करते हुए इमरान खान ने कहा कि शौकत खानम मेमोरियल ट्रस्ट के फंड के दुरुपयोग और मनी लॉन्ड्रिंग के बारे में पीएमएल–एन नेता की ओर से लगाए गए आरोपों से कम से कम 10 अरब रुपए का नुकसान हुआ।

### न्यूयॉर्क में कोरोना मामलों ने तोड़े सारे रेकॉर्ड, 21000 से ज्यादा संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में 21,000 से अधिक मामले सामने आए, जो देश में अब तक के सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। संक्रमण के करीब आधे मामले न्यूयॉर्क सिटी में सामने आए, जहां जांच केंद्रों के बाहर कतारें लंबी हो रही हैं और क्रिसमस पर समारोह का आयोजन करने वाले कई आयोजक अपने सदस्यों के संक्रमित होने के कारण कार्यक्रम रद्द कर रहे हैं। इससे पहले, राज्य में सर्वाधिक दैनिक मामले 14 जनवरी, 2021 को सामने आए थे, जब करीब 20,000 लोग संक्रमित पाए गए थे। न्यूयॉर्क की सिटी यूनिवर्सिटी' में इंस्टीट्यूट फॉर इम्प्लीमेंटेशन साइंस इन पॉप्युलेशन हेल्थ' के कार्यकारी निदेशक डॉ. डेनिस नाश ने कहा कि संक्रमण में तेज वृद्धि अत्यधिक चिंता का विषय होना चाहिए।

## गम में डूबे किम जोंग उन, झुके हजारों सिर और देश का झंडा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। उत्तर कोरिया में शुक्रवार को पूर्व नेता किम जोंग इल की 10वीं बरसी मनाई गई। इस आयोजन में किम जोंग इल के बेटे और उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन और हजारों नागरिकों ने हिस्सा लिया। सरकारी टीवी प्रसारण में इस आयोजन की तस्वीरें देखी जा सकती हैं। किम जोंग इल ने 1994 से उत्तर कोरिया पर 17 साल तक शासन किया था। 2011 में उनके निधन के बाद देश की कमान किम जोंग उन के हाथ में आ गई।

डेलीमेल की खबर के मुताबिक कुमसुसन पैलेस ऑफ द सन में शुक्रवार के आयोजन में किम जोंग उन अपने ट्रेडमार्क लेदर ट्रेंच कोट में नजर आए। यह पैलेस किम जोंग इल और उनके पिता व उत्तर कोरिया के संस्थापक किम इल सुंग का मकबरा है। 1948 के बाद से किम परिवार की तीन पीढ़ियां उत्तर कोरिया पर शासन कर चुकी हैं। उत्तर कोरिया में लोगों को जन्म से ही किम इल सुंग और किम जोंग इल का सम्मान करना सिखाया जाता है।

किम जोंग इल की 10वीं बरसी के मौके पर उत्तर कोरिया में 11 दिनों के शोक की घोषणा की गई है। इस दौरान लोगों को हंसने और शराब पीने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।



### राम सेतु के पास भारी सुरक्षा लेकर क्या देखने पहुंचे चीनी राजदूत?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका में चीन के राजदूत क्यूई जेनहोंग ने शुक्रवार को भारी सुरक्षा के बीच एडम्स ब्रिज का दौरा किया। चीनी राजदूत देश के तमिल–बहुल उत्तरी प्रांत के दो दिवसीय सद्भावना दौरे पर थे। श्रीलंकाई नौसेना और थल सेना के सदस्यों की सुरक्षा के बीच राजदूत को एडम्स ब्रिज तक ले जाया गया। एडम्स ब्रिज या राम सेतु उत्तर–पश्चिमी श्रीलंका और भारत में दक्षिणी तट से दूर रामेश्वरम के पास मन्नार के द्वीपों के बीच स्थित है। चट्टानों की श्रृंखला से निर्मित यह पुल 48 किलोमीटर लंबा है और मन्नार की खाड़ी को पाक जलडमरूमध्य से अलग करता है। राजदूत ने एडम्स ब्रिज के उस स्थान दौरा किया, जो श्रीलंका के तट से लगभग 17 मील की दूरी पर स्थित है।

## पाकिस्तान के कराची में बड़ा धमाका, 12 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कराची में शनिवार दोपहर हुए एक धमाके में कम के कम 11 लोगों के मारे जाने की खबर है। स्थानीय पुलिस ने बताया है कि यह विस्फोट कराची के शेरशाह इलाके में परचा चौक के पास हुआ है। इस धमाके में घायल 12 लोगों को अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। पुलिस अधिकारी जफर अली शाह ने कहा कि विस्फोट एक निजी बैंक के नीचे स्थित एक नाले (नाली) में हुआ।

**बैंक की इमारत और पेट्रोल पंप को नुकसानः** पुलिस का दावा है कि स्थानीय प्रशासन ने नाली की सफाई करने के लिए नोटिस

**मलबे में दबे लोगों को निकालने का काम जारी**

भी दिया था। लेकिन परिसर खाली न होने से इसमें देरी होती रही। पुलिस ने बताया है कि विस्फोट में बैंक की इमारत और पास का एक पेट्रोल पंप को भारी नुकसान पहुंचा है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसा संदेह है कि इमारत के नीचे नाले में गैसों के जमा होने से विस्फोट हुआ।

**बम डिस्पोजल स्क्वाड भी मौके पर पहुंचाः** हालांकि, बाद में पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि विस्फोट स्थल की जांच के लिए एक बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया है। दस्ते की अपनी रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद ही धमाके के कारण को लेकर कोई आधिकारिक बयान दिया जा सकता है। सिंध रेंजर्स ने एक बयान में कहा कि धमाके की सूचना मिलते ही अधिकारी विस्फोट स्थल पर पहुंचे और इलाके की घेराबंदी कर दी।

**मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंकाः** विस्फोट के फुटेज में एक क्षतिग्रस्त इमारत और जमीन पर पड़ा मलबा दिखाई दे रहा है। विस्फोट स्थल पर टूटी–फूटी गाड़ियों को भी देखा जा सकता है। घटनास्थल पर मलबा हटाने की कोशिश में स्थानीय लोग भी सहयोग कर रहे हैं। इमारत के मलबे में और लोगों के दबे होने की खबर भी है। ऐसे में स्थानीय प्रशासन, पुलिस टीम और सिंध रेंजर्स मलबे की जांच करने में जुटे हुए हैं।

### संयुक्त राष्ट्र के लिए अफगानिस्तान के राजदूत ने दिया पद से इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान की पूर्व सरकार के राजदूत गुलाम इसाकजई ने वर्तमान के तालिबानी शासकों द्वारा उनके स्थान पर अपने राजदूत को नियुक्त करने की कोशिशों के बीच पद से इस्तीफा दे दिया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि इसाकजई ने बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र को बताया कि उन्होंने एक दिन पहले अपना पद छोड़ दिया है। संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान के मिशन ने ट्वीट किया कि नसीर फैक अस्थायी प्रभारी राजदूत के तौर पर जिम्मेदारी निभाएंगे। मिशन ने कहा कि वह '' संयुक्त राष्ट्र में अपने लोगों की चिंताओं और वैध मांगों को उठाता रहेगा।'' तालिबानी नेता लंबे वक्त से अपने प्रतिनिधि मोहम्मद सुहेल शाहीन को इस पद पर नियुक्त करने की कोशिश कर रहे थे। संयुक्त राष्ट्र में राजनयिक रहे इसाकजई को पिछले जून में राष्ट्रपति अशरफ गनी ने नियुक्त किया था, जिनकी सरकार को तालिबान ने 15 अगस्त को अमेरिका और नाटो सैनिकों की अचानक वापसी के बीच हटा दिया था।